# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2025-26

कक्षा:-8 | विषय: हिंदी कहानी संचय | पाठ:3 मंत्र-तंत्र

**प्रश्न 1. कुमार कैसा व्यक्ति था?**

**उत्तर- कुमार शांत प्रवृत्ति कर का व्यक्ति था। वह कभी जीव-हत्या न करता, दूसरों की चीज चीज़ न लेता, झूठ नहीं बोलता और न ही नशा करता।**

**प्रश्न 2.कुमार के गाँव के लोग कैसे थे ?**

**उत्तर- कुमार के गाँव के लोग बेईमान, शराबी तथा निकम्मे थे। कोई काम नहीं करते थे और दिन चढ़े घरों में सोते रहते थे।**

**प्रश्न 3. गाँव वालों का मन कैसे बदल गया?**

**उत्तर - कुमार को बिना किसी से शिकायत किए काम करते थे गाँव वालों का भी मन बदल गया।**

**प्रश्न 4. मुखिया ने गाँव वालों की शिकायत राजा से क्यों की ?**

**उत्तर - मुखिया ने गाँव वालों की शिकायत राजा से इसलिए की क्योंकि पहले गाँव वाले बदमाशी तथा अंट- शट काम करते थे जिसके लिए जुर्माना करने से मुखिया की कुछ आमदनी हो जाती थी।**

**प्रश्न 5. कुमार ने हाथियों के आगे न बढ़ने का क्या मंत्र का बताया?**

**उत्तर -कुमार ने हाथियों के आगे न बढ़ने का यह मंत्र बताया कि वे कोई मंत्र जानते है , तो वह यही हैं कि वे लोग कोई जीव-हत्या नहीं करते, झूठ नहीं बोलते, दूसरों की चीजे नहीं लेते, सबको मित्र समझते हैं और जो हो सकता है सो दान कर देते हैं।**

**प्रश्न 6.राजा ने मुखिया को क्या दंड दिया ?**

**उत्तर - राजा ने मुखिया की जमीन-जायदाद ले ली और गाँव से उसे निकाल दिया।**